स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 27.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान ने आज प्रातः दीक्षित कालोनी वार्ड 03 के निर्माणाधीन सीमेंटीकरण सड़क एवं सेक्टर–06 एच.एस.सी.एल. कालोनी में निर्मित नाली, उद्यान, पुलिया का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे, स्थल पर उपस्थित अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू, जोन आयुक्त बी.के. देवांगन, सुनील दुबे, प्रशांत शुक्ला, रवि सिन्हा, को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाये रखने के साथ ही नागरिकों से भी सहमति लेने के साथ निर्माण कार्य में निवासियों की सहमति लेने कहा। दीक्षित कालोनी में निर्माणाधीन सड़क 10 मीटर छोटी होने से 2 घर के निवासियों को कच्ची सड़क से आना–जाना पड़ता रहा है आयुक्त ने 10 मीटर सड़क बनाने को कहा, ताकि सड़क पुर्णतः दिखे, पास ही बह रहे नाले के पानी को व्यवस्थित करने नाली का निर्माण करने के पूर्व लेआउट बनाने को कहा। कालोनी में स्थित बच्चों के उद्यान में खेल सामग्री की टुट फुट देख नाराज होते हुए उन्होने कहा कि नागरिकों की जनभागीदारी जोड़ते हुए उद्यान व खेल सामग्री लगावें ताकि उन्हें भी इसके रखरखाव को लेकर दिलचस्पी व जिम्मेदारी का अहसास हो। उद्यान के अंदर खेल सामग्री व्यवस्थित नहीं देखी गई। दीक्षित कालोनी में ही करीब 60000 फुट की रिक्त भूमि जो निगम की है उसे तत्काल घेरने के लिए जोन आयुक्त के कहा ताकि उसे सुरक्षित रखा जा सके।

आयुक्त के0एल0 चौहान दीक्षित कालोनी स्थित उचित मुख्य की राशन दुकान का भी निरीक्षण किया दुकानदार से टेबलेट की व्यवस्था व हितग्राहियों को प्रदाय किये जाने की प्रक्रिया पुछे साथ ही स्टॉक का निरीक्षण के साथ गोदाम में रखे खाद्य सामग्री को भी देखा। उन्होने चांवल वितरण व उसकी शिकायत के बारे में भी दुकानदार से पुछताछ की उन्होने चांवल को लेकर कोई शिकायत न होना बताया।

आयुक्त सेक्टर–6 एच.एस.सी.एल. कालोनी में बने नाली निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया नाली में पानी के अंतिम निकासी व उसके साफ–सफाई की जानकारी ली। नाली निर्माण के निरीक्षण के समय वहॉ के निवासियों ने नाली निर्माण नहीं कराये जाने की मांग रखी उनका कहना था कि नाली निर्माण से मच्छर बढ़ रहें हैं, हमनें निर्माण की मांग भी नहीं की थी। आयुक्त ने भविष्य में नागरिकों, निवासियों की सहमति से ही नाली निर्माण किये जाने को कहा।

एच.एस.सी.एल. कालोनी में निर्मित उद्यान एवं खेल सामग्री को संधारण करने कहा साथ ही नागरिकों से जन भागीदारी जोड़ने कहा।

आयुक्त वार्ड 18 के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर वहॉ के नन्हें–नन्हें बच्चों से चर्चाकर उनके भोजन व पौष्टिक आहार की जानकारी ली। आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति उनकी बैठक व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए जोन–02 से आंगनबाड़ी भवन के संधारण करने कहा जहॉ बच्चें बैठते हैं उसकी फोलोरिंग में टुट फुट देख शीघ्र संधारण करने कहा गया। आंगनबाड़ी सहायिका से बच्चों की संख्या बढ़ाने समय व प्रतिदिन आंगनबाड़ी खोलने के लिए कहा।

आयुक्त द्वारा अचानक निरीक्षण में पहुंचने से जोन आयुक्त व अभियंताओं के बीच निर्माण कार्य के गुणवत्ता को लेकर चर्चा बनीं रहे। आयुक्त ने कहा था कि भुगतान के पूर्व एक बार निरीक्षण किया जायेगा। इसी संदर्भ में आज निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी